**उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरुवार हेतु निर्धारित श्री मुकुल यादव, <u>मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर।</u>**

<table>
<tr><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>8 (क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा शिक्षा) बतायेंगे कि सैफई आयुर्विज्ञान हॉस्पिटल (मिनी पी0जी0आई0) में कितनी मशीने जैसे सिटी स्कैन, वेन्टीलेटर आदि की व्यवस्था है तथा उनमें से कितनी मशीनें खराब है और कितनी मशीनें चालू है?</td><td>उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में स्थापित मशीन का विवरण निम्नवत है:-<br><table>
<tr><th>क्र०</th><th>मशीन का नाम</th><th>संख्या</th><th>क्रियाशील/ अक्रियाशील</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>वेन्टीलेटर</td><td>231</td><td>क्रियाशील</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>सी०टी० स्कैन</td><td>01</td><td>अक्रियाशील</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>एम०आर०आई० मशीन</td><td>01</td><td>क्रियाशील</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>अल्ट्रासाउण्ड मशीन</td><td>05</td><td>क्रियाशील</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>बोनमिनरल डेन्सियोमीटर</td><td>01</td><td>क्रियाशील</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>एक्स-रे मशीन</td><td>12</td><td>क्रियाशील</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>(ख) क्या उक्त खराब एवं बन्द मशीनों को तत्काल चालू करायेंगे?</td><td>सी०टी० स्कैन मशीन वर्ष-2009 में स्थापित की गयी थी। प्रौद्योगिकी में व्यापक प्रगति के कारण उपकरण के लिए स्पेयर पार्ट्स, उप-उपकरण और कुछ मूल उपकरण निर्माता वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है।<br>राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ई0सी0आर0पी0 2021-22 (द्वितीय फेज) के अन्तर्गत एक नग नई सी०टी० स्कैन मशीन विश्वविद्यालय को आवंटित की गयी है, जिसका क्रयादेश उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ द्वारा दिनांक-14.08.2023 को निर्गत किया गया है, जिसमें आपूर्ति हेतु नियत समय 120 दिन निर्धारित है।</td></tr>
<tr><td>(ग) यदि हॉ, तो कब तक?</td><td>उपर्युक्तानुसार।</td></tr>
<tr><td>(घ) प्रधानमंत्री केयर फण्ड से लगवाये गये वेन्टीलेटरों में से कितने वेन्टीलेटर क्रियाशील है?</td><td>विश्वविद्यालय में 106 वेन्टीलेटर प्रधानमंत्री केयर फण्ड से स्थापित हैं, जो सभी क्रियाशील हैं।</td></tr>
</table>

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री।